1. भारत में उपनिवेशवाद के वाणिज्यिक चरण के काल में कंपनी के द्वारा आपनाई गई नीति के विषय में क्या सत्य है/हैं?

1. कंपनी ने भारतीय राज्यों के संदर्भ में युद्ध एवं विलय की नीति को अस्वीकार कर दिया।
2. कंपनी की नीति का बल बंगाल में राजस्व वृद्धि करने पर रहा था।
3. कंपनी का बल अपने प्रशासनिक तथा सामाजिक सुधार के दायित्व को सीमित करने पर रहा था।
4. कंपनी व्यापार में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध थी।

कूटः

(a) 1, 2, 3
(b) 2, 3, 4
(c) 2, 4
(d) 1, 2, 3, 4

2. उपनिवेशवाद के संबंध में निम्नलिखित में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. उपनिवेशवाद के हित को मातृदेश के हित के अधीन समझा जाता है।

2. मातृदेश के आर्थिक हित में उपनिवेश के संसाधनों का दोहन किया जाता है।

3. उपनिवेश में सुधारों को हतोत्साहित किया जाता है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) 1, 3

(c) 1, 2 (d) 1, 2, 3

3. निम्नलिखित में कौन-सा/से कथन भारत में उपनिवेशवाद के वाणिज्यिक चरण के संदर्भ में सत्य माने जा सकते हैं?

1. ब्रिटिश कंपनी भारत से अधिक-से-अधिक निर्यात की जाने वाली सामग्री जुटाना चाहती थी।
2. ब्रिटिश कंपनी भारत से अधिक-से-अधिक से धन जुटाना चाहती थी।
3. ब्रिटिश कंपनी भारत में अधिक-से-अधिक भू-भाग को अपने प्रत्यक्ष नियंत्रण में लेना चाहती थी।

कूटः

(a) केवल 2 (b) 1, 2

(c) 1, 2, 3 (d) 2, 3

4. ब्रिटिश एवं हैदर अली के बीच मतभेद के क्या कारण थे?

1. हैदर अली ने मालाबार क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था।
2. हैदर अली की फ्रांस की कंपनी से निकटता थी।
3. हैदर अली ने अपने क्षेत्र में ब्रिटिश कंपनी को बंद करवा दिया था।

कूट:

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 1, 2, 3
(d) 2, 3

5. उपनिवेशवाद का प्रभाव निम्नलिखित में किस क्षेत्र पर देखा जाता है?

1. आर्थिक
2. राजनीतिक
3. सामाजिक
4. सांस्कृतिक

कूटः

(a) केवल 1
(b) 1, 2
(c) 1, 2, 3
(d) 1, 2, 3, 4